

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणा:–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

धर्मरसायन

ग्रन्थकर्त्ता
परम पूज्य आचार्यश्री पद्मनन्दी जी महाराज

अनुवादक
डॉ. विनोद कुमार शर्मा
सम्पादक
डॉ. सागरमल जैन

प्रकाशक
प्राच्य विद्यापीठ, शाजापुर(म.प्र.)

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)

परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

श्रीपद्मनन्दिमुनि के द्वारा रचित

धर्मरसायन

सम्पादक
प्रो. (डॉ.) सागरमल जैन

अनुवादक
डॉ. विनोद कुमार शर्मा

प्राच्य विद्यापीठ, शाजापुर (म.प्र.)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिरिपउमणंदिमुणिणा रइयं

धम्मरसायणं

श्रीपद्मनन्दिमुनि के द्वारा रचित

धर्मरसायन

अनुवादक

डॉ. विनोद कुमार शर्मा

विभागाध्यक्ष, संस्कृत

पण्डित बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

शाजापुर (म.प्र.)

सम्पादक

प्रो. (डॉ.) सागरमल जैन

प्राच्य विद्यापीठ, शाजापुर (म.प्र.)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धर्मरसायन

ग्रन्थ का नाम	–	धर्मरसायन
ग्रन्थ के रचयिता	–	श्री पद्मनन्दि मुनि
अनुवादक	–	डॉ. विनोद कुमार शर्मा
सम्पादक	–	डॉ. सागरमल जैन
प्रकाशक	–	प्राच्य विद्यापीठ, शाजापुर (म.प्र.)
प्राप्ति स्थान	–	प्राच्य विद्यापीठ, दुपाड़ा रोड, शाजापुर (म.प्र.) 465001
प्रकाशन वर्ष	–	प्रथम संस्करण, सन् 2010 ई.
मूल्य	–	रुपये 40 (रुपये चालीस मात्र)
मुद्रक	–	आकृति ऑफसेट 5, नईपेठ, उज्जैन (म.प्र.) दूरभाष – 0734–2561720 मोबाइल – 98276–77780

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भूमिका

ग्रन्थ की विषयवस्तु :-

'धम्मरसायण' नामक प्रस्तुत कृति माणकचन्द्र दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला के पुष्प 21 के सिद्धान्तसारादि-संग्रह नामक ग्रन्थ के अन्तर्गत हमें उपलब्ध हुई। इसके नाम से ही स्पष्ट है कि प्रस्तुत कृति का उद्देश्य धर्म के स्वरूप को स्पष्ट करना रहा है। प्रस्तुत कृति में निम्नांकित सोलह विषयों का संकलन है- 1. मंगलाचरण, 2. धर्म की महिमा, 3. धर्म-अधर्म का विवेक, 4. नरक गति का स्वरूप, 5. तिर्यंच गति का स्वरूप, 6. कुमनुष्य गति का स्वरूप, 7. देव गति का का स्वरूप, 8. धर्म के वास्तविक स्वरूप की परीक्षा, 9. सर्वज्ञ के स्वरूप की समीक्षा, 10. जिनेन्द्र परमात्मा की महिमा, 11. धर्म के प्रकार, 12. सम्यक्त्व का माहात्म्य, 13. सागार (गृहस्थ) धर्म, 14. देवसुगति, 15. मनुष्यसुगति, 16. अणगार धर्म (मुनि धर्म)।

इस प्रकार प्रस्तुत कृति में उपर्युक्त 16 विषयों का प्रतिपादन हुआ है। चारों गति एवं दोनों प्रकार के धर्म मूलत: धर्म से ही सम्बन्धित है। अत: कृति का नाम धम्मरसायण सार्थक ही सिद्ध होता है।

ग्रन्थ की भाषा एवं परम्परा :-

प्रस्तुत कृति 193 प्राकृत गाथाओं में निबद्ध है, किन्तु जहाँ तक इसकी प्राकृत के स्वरूप का प्रश्न है यह न तो अर्धमागधी है, और न शौरसेनी है, क्योंकि इसमें मध्यवर्ती 'त' के स्थान पर 'द' के प्रयोग का प्राय: अभाव ही है जो कि शौरसेनी प्राकृत का एक प्रमुख लक्षण है। दिगम्बर परम्परा के प्राय: सभी ग्रन्थ शौरसेनी प्राकृत में पाये जाते हैं। यदि हम इसकी विषयवस्तु का विचार करें तो यह स्पष्ट है कि यह दिगम्बर परम्परा का ग्रन्थ है, क्योंकि इसमें मुनि के अट्ठाईस मूल गुणों की चर्चा है (देखें गाथा 183)। इसी प्रकार इसमें परमात्मा (अरहंत परमात्मा) को क्षुधा तृषादि दोषों से रहित बताया है, यह भी दिगम्बर दृष्टिकोण है (गाथा 120)। तीसरे इसकी गाथा 123 में प्रयुक्त 'णिरंबरो' शब्द भी कृति के दिगम्बर परम्परा से सम्बद्ध होने की पुष्टि करता है। फिर भी मध्य 'त' का द न होने की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रवृत्ति यही प्रमाणित करती है कि यह कृति अर्धमागधी-प्रभावित महाराष्ट्री प्राकृत में ही रचित है। इसमें प्राय: इच्छइ, खाइ, जाइ पावइ, होइ, सेवइ आदि रूप ही मिलते हैं। कहीं-कहीं महाराष्ट्री प्राकृत की 'य' श्रुति भी देखी जाती है जैसे गाथा 186 में महासीयं (महाशीत) और सीयं (शीत) रूप। इसी प्रकार प्रथम गाथा में थुय, लोयालोयं, पयासेइ आदि शब्द भी 'य' श्रुति के पोषक ही हैं।

ग्रन्थकर्ता :-

जहाँ तक प्रस्तुत कृति के कर्ता 'मुन पद्मनन्दि' का प्रश्न है दिगम्बर परम्परा में पद्मनन्दि नामक अनेक आचार्य हुए हैं। सर्वप्रथम तो आचार्य कुन्दकुन्द का मूल नाम भी पद्मनन्दि कहा जाता है। इनका काल ईसा की दूसरी शती से पाँचवी शती के मध्य माना जाता है, किन्तु प्रस्तुत कृति की विषय-वस्तु, भाषा-शैली आदि कुन्दकुन्द से भिन्न होने के कारण यह उनकी कृति नहीं हो सकती। इसके अतिरिक्त त्रिकाल-योगी के शिष्य पद्मनन्दि का उल्लेख मिलता है। इनका काल सन् 930 से 1023 ई. माना जाता है। इसी प्रकार ई. सन् 994 के भी एक पद्मनन्दि का उल्लेख मिलता है, किन्तु इन दोनों पद्मनन्दि में कौन पद्मनन्दि इसके कर्ता हैं, यह कहना कठिन है। इनके अतिरिक्त ग्यारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में वीरनन्दि के शिष्य पद्मनन्दि का उल्लेख मिलता है। सम्भवत: इन तीनों पद्मनन्दि में से कोई पद्मनन्दि ही इस कृति के कर्ता हो सकते हैं। क्योंकि इस कृति में परीक्षा मुख आदि की जो शैली है वही शैली धर्मपरीक्षा, देवपरीक्षा आदि के रूप में इस ग्रन्थ में भी है। शैलीगत समानता के आधार पर यह कृति ईसा की दसवीं से बारहवीं शती के मध्य की मानी जा सकती है। ग्रन्थ-प्रशस्ति में ग्रन्थकार ने मात्र अपना नाम उल्लेखित किया है तथा अपने को यम-नियम का पालक मुनि बताया है। इसके अतिरिक्त उनके सम्बन्ध में हमें भी अधिक ज्ञात नहीं है।

- डॉ.सागरमल जैन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवतारणा

श्रीपद्मनन्दि मुनि-प्रणीत 'धम्मरसायणं' धर्म के गूढ तत्त्व की सरल भाषा में व्याख्या करने वाला महत्त्वपूर्ण जैन ग्रन्थ है। प्राकृत भाषा में निबद्ध इस कृति में कुल 193 गाथाएँ हैं।

'धम्मरसायणं' की अन्तिम गाथा में ग्रन्थकर्त्ता ने अत्यन्त संक्षेप में अपना परिचय देते हुए कहा है कि 'यम-नियमों से युक्त श्रेष्ठ पद्मनन्दिमुनि ने भव्य जीवों के बोध के लिए संक्षेप में इस धम्मरसायणं ग्रन्थ का प्रणयन किया है' -

भवियाण बोहत्थणं इय धम्मरसायणं समासेण।
वरपउमणंदिमुणिणा रइयं जमणियमजुत्तेण॥

चरक ने जराव्याधिविध्वंसी भेषज को रसायन कहा है– जराव्याधिविध्वंसी भेषजं तद्रसायनम्[1]। धम्मरसायणं ग्रन्थरत्न में भी धर्म के उस रसायन का प्रतिपादन किया गया है जो जन्म, जरा तथा मरण के दु:खों का विनाशक तथा इहलोक-परलोक के लिए हितकारी है। अत: इस ग्रन्थ का 'धम्मरसायणं' अभिज्ञान सर्वथा सार्थक है।

धम्मरसायणं में धर्म का स्वरूप इस प्रकार प्रतिपादित किया गया है–

(क) जो सर्वज्ञ के द्वारा प्रतिपादित[2], जन्म-जरा-मरण के दु:खों का विनाशक तथा इहलोक-परलोक के लिए हितकारी है, वह धर्म है[3]।

(ख) धर्म त्रिलोक का बन्धु तथा शरणस्थल है- 'धम्मो तिलोयबंधू धम्मो सरणं हवे तिहुयणस्स'[4]।

(ग) समस्त त्रिलोकी में ऐसी कोई वस्तु नहीं है जो धर्म के द्वारा प्राप्त न हो सकती हो– 'तं णत्थि जं ण लब्भइ धम्मेण कएण तिहुयणे सयले'[5]।

---

1. चरक-संहिता से उत्तररामचरित (व्याख्याकार-आनन्दस्वरूप), पृ. 178 पर उद्धृत।
2. ... धम्मं सव्वण्हुपण्णत्तं। धम्मरसायणं, 94
3. वुहजणमणोहिरामं जाइजरामरणदुक्खणासयरं।
   इहपरलोयहिजत्थं तं धम्मरसायणं वोच्छं॥ तदेव, 2
4. तदेव, 3
5. तदेव, 6

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग्रन्थकार के द्वारा प्रतिपादित धर्म की अवधारणा से सिद्ध होता है कि धर्म ऐहलौकिक तथा पारलौकिक सर्वविध कल्याण-परम्परा का हेतु है। मुनिप्रवर श्रीपद्मनन्दि की उक्त धर्म-परिभाषा महर्षि कणाद के धर्मलक्षण के काफी समीप है। कणाद ने 'जिससे मनुष्यों के ऐहलौकिक अभ्युदय तथा पारलौकिक निःश्रेयस् की सिद्धि होती है उसे धर्म कहा है'– 'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयस्सिद्धिः स धर्मः'।

श्री पद्मनन्दि ने धर्म के माहात्म्य को रेखाङ्कित करते हुए कहा है कि धर्म तीनों लोकों का बन्धु तथा शरणस्थल है। धर्म से ही मनुष्य पूजनीय होता है।[1] धर्म से विशाल कुल तथा उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त होता है और संसार में यश फैलता है।[2] श्रेष्ठ भवन, यान-वाहन, शयन-आसन, भोजन, वस्त्राभूषण आदि की प्राप्ति भी धर्म से होती है।[3] त्रिलोकी में ऐसी कोई वस्तु नहीं जो धर्माचरण के द्वारा प्राप्त न हो सकती हो। धर्म से हीन मनुष्य समस्त दुःखों को प्राप्त करता है।[4]

मुनीन्द्र का मत है कि संसार में अनेक प्रकार के धर्म हैं जो नाम की दृष्टि से तो समान हैं किन्तु गुणों की दृष्टि से विचार किया जाय तो उनमें से कुछ ही धर्म उत्तम हैं।[5] इसलिए धर्म-अधर्म का भेद जानकर ही मनुष्य को धर्म का ग्रहण करना चाहिए।[6] ग्रन्थकार का उपदेश है कि बुद्धिमानों को कुधर्म का परित्याग करके, संसार को पार करने के लिए सर्वज्ञ द्वारा उपदिष्ट धर्म को ही ग्रहण करना चाहिये--

---

1. धम्मो तिलोयबंधू धम्मो सरणं हवे तिहुयणस्स।
   धम्मेण पूयणीओ होइ णरो सव्वलोयस्स॥
   धम्मरसायणं, 3
2. धम्मेण कुलं विउलं धम्मेण य दिव्वरूवमारोगं।
   धम्मेण जए कित्ती धम्मेण होइ सोहग्गं॥ तदेव, 4
3. वरभवणजाणवाहणसयणासणयाणभोयणाणं च।
   वरजुवइवत्थुभूसणं संपत्ती होइ धम्मेण॥ तदेव, 5
4. तं णत्थि जं ण लब्भइ धम्मेण कएण तिहुयणे सयले।
   जो पुण धम्मदरिद्धो सो पावइ सव्वदुक्खाइं॥ तदेव, 6
5. धम्मा य तहा लोए अणेयभेया हवंति णायव्वा।
   णामेण समा सव्वे गुणेण पुण उत्तमा केई॥ तदेव, 11
6. धम्माधम्मविसेसं णाऊण णरेण धेतव्वं॥ तदेव, 8

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिचइऊण कुधम्मं तम्हा सव्वण्हुभासिओ धम्मो।
संसाररुत्तरणट्ठं गहियव्वो बुद्धिमंतेहिं ॥[1]

धर्म के भेदों का विवेचन करते हुए मुनीन्द्र ने कहा है कि जिनों के द्वारा धर्म दो प्रकार के बतलाये गये हैं- सागार (गृहस्थ) तथा अनगार (संन्यास)[2]। जिसमें पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत तथा चार शिक्षाव्रत हैं उसे सागार धर्म कहा गया है।[3] अनगारों के लिए सर्वदा सब प्रकार से आचरणीय अट्ठाईस मूलगुण तथा अनेक उत्तरगुण बतलाये गये हैं। इस प्रकार का धर्म ही अनगार धर्म है।[4]

मुनिश्रीपद्मनन्दि के अनुसार सागार एवं अनगार दोनों प्रकार के धर्मों का सार 'सम्यक्त्व' है– 'एएसिं दोण्हं पि हु सारं खलु होइ सम्मत्तं'[5]। सम्यक्त्वरूपी जल का प्रवाह जिसके हृदय में सर्वदा प्रवाहित होता है, कर्मरूपी बालू का आवरण उसे बन्धन में नहीं डाल सकता।[6] सम्यक्त्वरूपी रत्न की प्राप्ति हो जाने पर जीव को नरक एवं तिर्यक् गतियों में नहीं जाना पड़ता–

सम्मत्तरयणलद्धे णरयतिरिक्खेसु णत्थि उववाओ।
जइ ण मुअइ सम्मत्तं अहव ण बंधाउसो पुव्वं ॥[7]

अन्त में वह भव-भ्रमण से मुक्त होकर मोक्ष-सुख का आस्वादन करता है।

– विनोद कुमार शर्मा

---

1. धम्मरसायणं, 95
2. धम्मो जिणेण भणिओ सायारो तह हवे अणायारो। तदेव, 139
3. पंच य अणुव्वयाइं गुणव्वयाइं हवंति तिण्णेव।
   चत्तारि य सिक्खावयजयाइं सायारो एरिसो धम्मो॥ तदेव, 142
4. अट्ठदस पंच पंच य मूलगुणा सव्वतो सदाणयाराणं।
   उत्तरगुणा अणेया अणयारो एरिसो धम्मो॥ तदेव, 183
5. तदेव, 139
6. तदेव, 140
7. तदेव, 141

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुरस्क्रिया

ऋषि-मुनि एवं देवता हर देश और हर काल में हुए हैं। सोलह वर्ष पूर्व जब मैं शाजापुर आया था तब प्राच्य विद्यापीठ, शाजापुर के निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति-प्राप्त विद्वान् डॉ. सागरमल जैन के दर्शन मुझे इसी रूप में प्राप्त हुए थे। कुछ वर्ष पहले मेरे निवेदन करने पर उन्होंने मुझे श्रीपद्मनदिन्मुनि-प्रणीत 'धम्मरसायणं' का हिन्दी-अनुवाद करने का आदेश दिया था। ईशप्रसाद एवं विराट् प्रकृति की अनुकूलता से यह कार्य आज पूर्ण हो सका है।

'धम्मरसायणं' की मूलप्रति में अनेक स्थानों पर लुप्त पाठ की पूर्ति एवं संस्कृत रूपान्तर के निर्धारण में डॉ. सागरमल जैन ही मेरे पथ-प्रदर्शक एवं निर्देशक रहे हैं। अनुवाद-कार्य में आयीं कठिनाइयों का परिहार भी उन्हीं की अनुकम्पा से सम्भव हो सका है। सत्प्रेरणा, सत्परामर्श, सर्वविध सहयोग, मार्गदर्शन, सौजन्य और वात्सल्य के लिए मैं सर्वदा उनका आभारी रहूँगा।

परम पूज्य पिता श्री राम प्रकाश शर्मा एवं पूजनीया माता श्रीमती मुन्नी देवी को मैं साष्टाङ्ग प्रणाम करता हूँ जिन्होंने बहुविध कष्ट सहकर भी मुझे अध्ययन के लिए सदा प्रेरित किया है। श्रद्धेय गुरुवर्य डॉ. केवल कृष्ण आनन्द तथा डॉ. सत्य प्रकाश सिंह चौहान के प्रति मैं श्रद्धावनत हूँ जिनकी गोद में बैठकर मैंने देववाणी की शिक्षा प्राप्त की। अर्धाङ्गिनी श्रीमती आशा शर्मा, पुत्री ध्वनि एवं आस्था तथा पुत्र उत्कर्ष साधुवाद के पात्र हैं जिन्होंने ज्ञानार्जन में मेरी अहर्निश सहायता कर मेरा पथ सुगम बनाया है।

उन सभी सहयोगियों का भी मैं आभारी हूँ जिनका प्रत्यक्ष या परोक्ष सहयोग मुझे इस सत्कार्य में प्राप्त हुआ है। जिन मनीषियों की कृतियों से मुझे अनुवाद-कार्य में सहायता प्राप्त हुई है उनका मैं ऋणी रहूँगा। प्रकाशक संस्था प्राच्य विद्यापीठ के प्रति आभार व्यक्त करना मैं अपना कर्तव्य समझता हूँ जिसने इस पुस्तक को प्रकाशित किया है। सुन्दर, साफ-सुथरे एवं आकर्षक मुद्रण के लिए आकृति ऑफसेट (उज्जैन) धन्यवाद के पात्र हैं जिनके परिश्रम से यह पुस्तक आकार ग्रहण कर सकी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुद्रण-सम्बन्धी त्रुटियों को दूर करने का यथाशक्य प्रयास किया गया है, तथापि कतिपय भूलों का रह जाना सम्भव है। अत: संशोधन एवं परिमार्जन के लिए सुधीजनों के सुझाव सादर आमन्त्रित हैं।

शेष, विद्वज्जन ही प्रमाण हैं। कविकुलशिरोमणि कालिदास के शब्दों में–

आ परितोषाद्विदुषां न साधु मन्ये योगविज्ञानम्।
बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेत:॥

(अभिज्ञानशाकुन्तलम्, 1.2)

- विनोद कुमार शर्मा

'उत्कर्ष'
विजय नगर कॉलोनी,
शाजापुर (म.प्र.)
26 दिसम्बर 2009 (शनिवार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय-सूची

क्र.	विषय	गाथा क्र. से क्र. तक
1.	मङ्गलाचरण	1–2
2.	धर्म-महिमा	3–7
3.	धर्म-अधर्म-विवेक	8–19
4.	नरकगति-वर्णन	20–73
5.	तिर्यक्गति-वर्णन	74–79
6.	कुमनुष्यगति-वर्णन	80-86
7.	देवगति-वर्णन	87-93
8.	धर्म-परीक्षा	94-95
9.	सर्वज्ञ-परीक्षा	96-130
10.	भगवान् जिनेन्द्र-महिमा एवं स्तवन	131-138
11.	धर्म-भेद (अनगार एवं सागार)	139
12.	सम्यक्त्व-माहात्म्य	140-141
13.	सागारधर्म-विवेचन	142-156
14.	देवसुगति-वर्णन	157-178
15.	मनुष्य-सुगति-वर्णन	179-181
16.	अनगार धर्म-विवेचन	182-192
17.	ग्रन्थ-समापन	193

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिरिपउमणंदिमुणिणा रइयं

धम्मरसायणं

णमिऊण देवदेवं धरणिंदणरिन्दइंदथुयचलणं।
णाणं जस्स अणंतं लोयालोयं पयासेइ ॥1॥
बुहजणमणोहिरामं जाइजरामरणदुक्खणासयरं।
इहपरलोयहिज (द) त्थं तं धम्मरसायणं वोच्छं ॥2॥

नत्वा देवदवं धरणीन्द्रनरेन्द्रस्तुतचरणं।
ज्ञानं यस्यानन्तं लोकालोकं प्रकाशयति ॥1॥
बुधजनमनोभिरामं जातिजरामरणदुःखनाशकरम्।
इहपरलोकहितार्थं तं धर्मरसायनं वक्ष्ये ॥2॥

धरणेन्द्र, नरेन्द्र तथा इन्द्र के द्वारा जिनके चरणों की स्तुति की जाती है तथा जिनका अनन्त ज्ञान लोक और अलोक को प्रकाशित करता है अर्थात् जानता है, उन देवाधिदेव तीर्थंकर परमात्मा को नमस्कार करके मैं धर्म के उस रसायन (अमृत) का वर्णन करता हूँ जो विद्वज्जनों के हृदय को तृप्त करने वाला है; जन्म, जरा तथा मृत्यु के दुःखों का विनाशक है और इहलोक-परलोक के लिए हितकारी है।

धम्मो तिलोयबंधू धम्मो सरणं हवे तिहुयणस्स।
धम्मेण पूयणीओ होइ णरो सव्वलोयस्स ॥3॥

धर्मः त्रिलोकबन्धुः धर्मः शरणं भवेत् त्रिभुवनस्य।
धर्मेण पूजनीयः भवति नरः सर्वलोकस्य ॥3॥

धर्म तीनों लोकों अर्थात् तिर्यक्लोक, ऊर्ध्वलोक, एवम् अधोलोक का बन्धु (मित्र) है। तीनों लोकों का शरणस्थल धर्म ही है। धर्म से ही मनुष्य समस्त लोकों का पूजनीय होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धम्मेण कुलं विउलं धम्मेण य दिव्वरूवमारोग्गं ।
धम्मेण जए कित्ती धम्मेण होइ सोहग्गं ॥4॥

धर्मेण कुलं विपुलं धर्मेण च दिव्यरूपमारोग्यम् ।
धर्मेण जगति कीर्तिः धर्मेण भवति सौभाग्यम् ॥4॥

धर्म से व्यक्ति को विशाल कुल प्राप्त होता है। धर्म से ही दिव्य रूप तथा उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त होता है। धर्म से ही व्यक्ति का संसार में यश फैलता है और धर्म से ही सौभाग्य प्राप्त होता है।

वरभवणजाणवाहणसयणासणयाणभोयणाणं च ।
वरजुवइवत्थुभूसणं संपत्ती होइ धम्मेण ॥5॥

वरभवनयानवाहनशयनासनयानभोजनानां च ।
वरयुवतिवस्त्रभूषणानां सम्प्राप्तिः भवति धर्मेण ॥5॥

श्रेष्ठ भवन, रथ आदि यान, अश्व आदि वाहन, शयन-आसन, भोजन, सुन्दरी युवती, वस्त्र एवम् आभूषण आदि की प्राप्ति भी धर्म से होती है।

तं णत्थि जं ण लब्भइ धम्मेण करण तिहुयणे सयले ।
जो पुण धम्मदरिद्दो सो पावइ सव्वदुक्खाइं ॥6॥

तन्नास्ति यन्न लभ्यते धर्मेण कृतेन त्रिभुवने सकले ।
यः पुनः धर्मदरिद्रः स प्राप्नोति सर्वदुःखानि ॥6॥

समस्त त्रिलोक में ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जो धर्म (का आचरण) करने से प्राप्त न हो सकती हो। किन्तु जो धर्म से दरिद्र अर्थात् हीन है वह समस्त दुःखों को प्राप्त करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो धम्मं ण करंतो इच्छइ सुक्खाइं कोई णिब्बुद्धी।
सो पीलऊण सिकयं इच्छइ तिल्लं णरो मूढो ॥7॥

यो धर्ममकुर्वन् इच्छति सुखानि कश्चित् निर्बुद्धिः।
स पीलयित्वा सिकतामिच्छति तैलं नरो मूढः ॥7॥

जो कोई मूर्ख व्यक्ति धर्मकार्य किये बिना ही सुखप्राप्ति की इच्छा करता है। वह मूढ मनुष्य बालू को पेरकर (निचोड़कर) तेल प्राप्त करना चाहता है।

सव्वो वि जणो धम्मं घोसइ[1] ण य कोइ जाणइ अहम्मं।
धम्माधम्म[2]विसेसं णाऊण णरेण घेत्तव्वं ॥8॥

सर्वोऽपि जनः धर्मं घोषयति न च कश्चिज्जानाति अधर्मम्।
धर्माधर्मविशेषं ज्ञात्वा नरेण गृहीतव्यम् ॥8॥

सभी लोग धर्म की घोषणा करते हैं अर्थात् धर्म की बात करते हैं, अधर्म को तो कोई जानता ही नहीं है। अतः धर्म और अधर्म के भेद को जानकर ही मनुष्य को धर्म का ग्रहण करना चाहिए।

खीराइं जहा लोए सरिसाइं हवंति वण्णणामेण।
रसभेएण य ताइं वि णाणागुणदोसजुत्ताइं ॥9॥

क्षीराणि यथा लोके सदृशानि भवन्ति वर्णनामभ्याम् ॥
रसभेदेन च तान्यपि नानागुणदोषयुक्तानि ॥9॥

जैसे संसार में पाये जाने वाले सभी प्रकार के दूध रंग अर्थात् सफेदी और नाम (की दृष्टि) से एक जैसे होते हैं। किन्तु यह तो स्वाद से ही ज्ञात होता है कि उनमें से कौन-सा दूध गुणयुक्त है तथा कौन-सा दोषयुक्त।

---

1. घोसय णइ
2. धम्मधम्म

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

काइं वि खीराइं जए हवंति दुक्खावहाणि जीवाणं।
काइं वि तुट्ठि पुट्ठि करंति वरवण्णमारोग्गं ॥10॥

कान्यपि क्षीराणि जगति भवन्ति दुःखप्रदानि जीवानाम्।
कान्यपि तुष्टिं पुष्टिं कुर्वन्ति वरवर्णमारोग्यम्॥10॥

संसार में पाया जाने वाला, कुछ प्राणियों का दूध जीवों को दुःख प्रदान करने वाला होता है। जबकि कुछ प्राणियों का दूध सन्तुष्टि, पोषण, सुन्दर रंग तथा उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने वाला होता है।

धम्मा य तहा लोए अणेयभेया हवंति णायव्वा।
णामेण समा सव्वे गुणेण पुण उत्तमा केई ॥11॥

धर्माश्च तथा लोके अनेकभेदा भवन्ति ज्ञातव्या।
नाम्ना समा सर्वे गुणेन पुनरुत्तमाः केचित्॥11॥

उसी प्रकार संसार में अनेक प्रकार के धर्म हैं, जो जानने योग्य हैं। यद्यपि नाम से तो वे सभी समान हैं किन्तु गुणों की दृष्टि से, उनमें से कुछ ही धर्म उत्तम हैं।

पावंति केइ दुक्खं णारयतिरियकुमाणुस्सजोणीसु।
पावंति पुणो दुक्खं केई पुणु हीणदेवत्तं ॥12॥

प्राप्नुवन्ति केचिद्दुःखं नारकतिर्यक्कुमानुषयोनिषु।
प्राप्नुवन्ति पुनर्दुःखं केचित् पुनः हीनदेवत्वे॥12॥

कुछ प्राणी नरक में, पशु-पक्षी की योनि में तथा कुत्सित मनुष्ययोनि में दुःख भोगते हैं और कुछ देवत्व से हीन होने पर दुःख प्राप्त करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पावंति केइ धम्मादो माणुससोक्खाइं देवसोक्खाइं।
अव्वावाहमणोवमअणंतसोक्खं च पावंति ॥13॥

प्राप्नुवन्ति केचिद्धर्मतः मानुषसौख्यानि देवसौख्यानि।
अव्याबाधमनुपमानन्तसौख्यं च प्राप्नुवन्ति ॥13॥

कुछ लोग धर्म के द्वारा मानव-सुखों तथा देव-सुखों को प्राप्त करते हैं तथा अव्याबाध, अनुपम और अनन्त सुखों को भोगते हैं।

तम्हा हु सव्वधम्मा परिक्खयव्वा णरेण कुसलेण।
सो धम्मो गहियव्वो जो दोसेहिं विवज्जिओ विमलो ॥14॥

तस्माद्धि सर्वधर्माः परीक्षितव्या नरेण कुशलेन।
स धर्मो गृहीतव्यो यो दोषैर्विवर्जितो विमलः ॥14॥

इसलिए कुशल मनुष्य को सभी धर्मों की परीक्षा करनी चाहिए और उसी धर्म का ग्रहण करना चाहिए जो दोषों से रहित अर्थात् निर्मल हो।

जत्थ वहो जीवाणं भासिज्जइ जत्थ अलियवयणं च।
जत्थ परदव्वहरणं सेविज्जइ जत्थ परयाणं ॥15॥
बहुआरंभपरिग्गहगहणं संतोस वज्जिअं जत्थ।
पंचुंबरमहुमांसं भक्खिज्जइ जत्थ धम्मम्मि ॥16॥
डंभिज्जइ जत्थ जणो पिज्जइ मज्ज च जत्थ बहुदोसं।
इच्छंति सो वि धम्मो केइ य अण्णाणिणो पुरिसा ॥17॥

यत्र वधो जीवानां भाष्यते यत्रालीकवचनं च।
यत्र परद्रव्यहरणं सेव्यते यत्र पराङ्गना ॥15॥
बह्वारम्भपरिग्रहग्रहणं सन्तोष वर्जितं यत्र।
पञ्चोदुम्बरमधुमांसानि भक्ष्यन्ते यत्र धर्मे ॥16॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दम्भ्यते यत्र जनः पीयते मद्यं च यत्र बहुदोषम्।
इच्छन्ति तमपि धर्मं केचिच्च अज्ञानिनः पुरुषाः ॥17॥

जहाँ जीवों का वध होता है; जहाँ असत्य वचन बोला जाता है; जहाँ पराये धन का हरण होता है और जहाँ परायी स्त्री का सेवन किया जाता है; जहाँ धर्म में अनेक प्रकार के आरम्भ हैं अर्थात् हिंसक योजनाएँ बनायी जाती हैं, परिग्रह का सञ्चय किया जाता है; जहाँ सन्तोष वर्जित है और गूलर आदि पाँच प्रकार के फल, मधु एवं मांस का भक्षण किया जाता है; जिस धर्म में लोगों को धोखा दिया जाता है और जिसमें बहुत-से दोषों वाली मदिरा पी जाती है – ऐसे (तथाकथित) धर्म को भी कुछ अज्ञानी पुरुष चाहते हैं।

जइ एरिसो वि धम्मो तो पुण सो केरिसो हवे पावो।
जइ एरिसेण सग्गो तो णरयं गम्मए केण॥18॥

यद्येतादृशोऽपि धर्मस्तर्हि पुनः तत्कीदृशं भवेत्पापम्।
यद्येतादृशेन स्वर्गः तर्हि नरके गम्यते केन॥18॥

यदि धर्म ऐसा भी होता है तो फिर पाप कैसा होता है ? यदि इस प्रकार के धर्म से स्वर्ग प्राप्त होता है तो नरक किस प्रकार के धर्म से प्राप्त होता है ?

जो एरिसियं धम्मं किज्जइ इच्छेइ सोक्खं भुंजेउं।
वावित्ता णिंबतरुं सो इच्छइ अंबफल्लाइं ॥19॥

य एतादृशं धर्मं करोति इच्छति सौख्यम् भोक्तुम्।
उप्त्वा निम्बतरुं स इच्छति आम्रफलानि ॥19॥

जो मनुष्य इस प्रकार के (तथाकथित) धर्म को करता है तथा सुख भोगना चाहता है, वह नीमवृक्ष का बीज बोकर आम के फल खाना चाहता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धम्मोत्ति मण्णमाणो करेइ जो एरिसं महापावं।
सो उप्पज्जइ णरए अणेयदुक्खावहे भीमे ॥20॥

धर्म इति मन्यमानः करोति यः एतादृशं महापापम्।
स उत्पद्यते नरके अनेकदुःखपथे भीमे ॥20॥

'यही धर्म है' ऐसा मानकर जो पूर्वोक्त प्रकार का महापाप करता है, वह भयानक तथा अनेक दुःखों के मार्ग नरक में उत्पन्न होता है।

तत्थुप्पण्णं संतं सहसा तं पेक्खऊण णेरइया।
सरिऊण पुव्ववइरं धावंति समंतदो भीमा ॥21॥

तत्रोत्पन्नं सन्तं सहसा तं प्रेक्ष्य नारकाः।
स्मृत्वा पूर्ववैरं धावन्ति समन्ततो भीमाः ॥21॥

उस (पापी) को वहाँ उत्पन्न हुआ देखकर भयानक नरकवासी (उससे सम्बन्धित) पूर्वकालीन वैर का स्मरण करके सभी ओर से उस पर टूट पड़ते हैं।

असिफरसुमोग्गरसत्तितिसूलेहिं सेल्लकोंतेहिं।
कोहेण पज्जलंता पहरन्ति सरीरयं तस्स ॥22॥

असिपरशुमुद्गरशक्तित्रिशूलैः शेल्लकुन्तैः ॥
क्रोधेन प्रज्वलन्तः प्रहरन्ति शरीरकं तस्य ॥22॥

क्रोधाग्नि में जलते हुए वे (नरकवासी) तलवार, फरसा, गदा, शक्ति (एक प्रकार का अस्त्र), त्रिशूल तथा तीक्ष्ण भालों से उसके शरीर पर प्रहार करते हैं।

गहापहारविद्धो मुच्छं गंतूण महियले पडइ।
अइकंटएहिं तत्थ विभिज्जइ तिक्खेहिं सव्वंगं ॥23॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गदाप्रहारविद्धः मूर्च्छां गत्वा महीतले पतति।
अतिकण्टकैः तत्र विभिद्यते तीक्ष्णैः सर्वाङ्गम् ॥23॥

गदा के प्रहार से घायल वह (पापी) मूर्च्छित होकर भूमि पर गिर पड़ता है और वहाँ स्थित पैने तथा अत्यधिक काँटों से उसका अंग-अंग बिंध जाता है।

लद्धूण चेयणाए पुणरवि चिंतेइ किं इमे सव्वे।
पहरन्ति मज्झ देहं जंपंता कडुयवयणाइं ॥24॥

लब्ध्वा चेतनां पुनरपि चिन्तयति किं इमे सर्वे ।
प्रहरन्ति मम देहं जल्पन्तः कटुकवचनानि ॥24॥

पुनः होश में आने पर वह विचार करता है कि ये सभी (नरकवासी) कटु वचन बोलते हुए, मेरे शरीर पर प्रहार क्यों कर रहे हैं ?

देवयपियरणिमित्तं मंतोसहिजागभयणिमित्तेण ।
जं मारिया वराया अणेयजीवा मए आसि ॥25॥
जं परिमाणविरहिया परिग्गहा गिण्हिया मए आसि।
जं खाधं महुमंसं पंचुंबर जिब्भलुद्धेण ॥26॥
जं भासियं असच्चं तेणिक्कजं मए कयं आसि।
जं तिलमेत्तसुहत्थं परदारं सेवियं आसि ॥27॥
जं पीयं सुरयाणं जं च जणो डंभियो मए सव्वो।
तस्स हु पावस्स फलं जं जायं एरिसं दुक्खं ॥28॥

देवतापितृनिमित्तं मन्त्रौषधियागभयनिमित्तेन ।
ये मारिता वराका अनेकजीवा मया आसन् ॥25॥
यत् परिमाणविरहिताः परिग्रहाः गृहीता मया आसन्।
यत् खादितं मधुमांसं पञ्चोदुम्बराणि जिह्वालुब्धेन ॥26॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यद् भाषितं असत्यं स्तेनकृत्यं मया कृतं आसीत्।
यत्तिलमात्रसुखार्थं परदाराः सेविता आसन् ॥27॥
यत्पीता सुरा यश्च जनो दम्भितो मया सर्वः।
तस्य हि पापस्य फलं यज्जातं एतादृशं दुःखम् ॥28॥

(तब विभंगज्ञान से वह जानता है-) मन्त्र, औषधि, [illegible] के कारण देव और पितरों के निमित्त से जो मैंने अनेक जीव मारे थे; परिग्रह की मर्यादा न करके जो अतुल सम्पत्ति सञ्चित की थी तथा जीभ के लोभवश मैंने जो मधु, मांस तथा पाँच प्रकार के गूलर आदि उदुम्बर फलों का भक्षण किया था; जो असत्य बोला था, चोरी के कार्य किये थे तथा तिलभर (तुच्छ) सुख के लिए परायी स्त्रियों का सेवन किया था; जो मदिरापान किया था तथा सभी लोगों को धोखा दिया था; उसी पाप का फल है – जो मुझे इस प्रकार का (असहनीय) दुःख मिला है।

णाऊण एव सव्वं पुव्वभवे जं कयं महापावं।
अइतिव्ववेयणाओ असहंतो णासए सिग्घं ॥29॥

ज्ञात्वैवं सर्वं पूर्वभवे यत्कृतं महापापम्।
अतितीव्रवेदनां असहमानः नश्यति शीघ्रम् ॥29॥

इस प्रकार पूर्वजन्म में जो महापाप किया था उसके बारे में सब कुछ जानकर तथा अत्यन्त तीव्र वेदना को सहने में असमर्थ होकर वह शीघ्र भागने लगता है।

सो एवं णासंतो णरइयभयेण असरणो संतो।
पइसइ असिपत्तवणे अणेयदुक्खावहे भीमे ॥30॥

स एवं नश्यन् नारकभयेन अशरणः सन्।
प्रविशति असिपत्रवने अनेकदुःखपथे भीमे ॥30॥

इस तरह नारकीय भय से भागता हुआ वह असहाय होकर भयानक तथा अनेक दुःखों के मार्ग – असिपत्रवन अर्थात् एक प्रकार के नरक जहाँ वृक्षों के पत्ते तलवार की धार के समान तीक्ष्ण होते हैं, में प्रवेश करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्थ वि पडंति उवरिं फलाइं जट्टाइं असहणिज्जाइं।
लग्गंति जत्थ गत्ते सइ चुण्णं तत्थ कुव्वंति ॥31॥

तत्रापि पतन्ति उपरि फलानि जटानि असहनीयानि।
लगंति यत्र गात्रे सकृच्चूर्णं तत्र कुर्वन्ति ॥31॥

वहाँ उस असिपत्रवन में भी उसके ऊपर असहनीय फल तथा जटायें गिरती हैं जो उसके शरीर पर लगती हैं तथा तुरन्त उसका चूर्ण बना देती हैं।

पत्ताइं पडंति तहा खंडयधारव्व सुट्ठु तिक्खाइं।
ताइं वि छिंदंति पुणो अंगोवंगाइं सव्वाइं ॥32॥

पत्राणि पतन्ति तथा खड्गधारावत् सुष्ठुतीक्ष्णानि।
तान्यति छिन्दन्ति पुनः अङ्गोपाङ्गानि सर्वाणि ॥32॥

उसी प्रकार वहाँ तलवार के समान अत्यन्त तीक्ष्ण धार वाले पत्ते गिरते हैं। वे भी उस के समस्त अंग-प्रत्यंगों को छेद डालते हैं।

णीसरिउं सो तत्थ वि असहंतो एरिसाइं दुक्खाइं।
वेएण धावमाणो पव्वयसिहरं समारुहइ ॥33॥

निःसृत्य स ततोऽपि असहमान एतादृशानि दुःखानि।
वेगेन धावन् पर्वतशिखरं समारोहति ॥33॥

इस प्रकार के दुःखों को सहन करने में असमर्थ होकर वह वहाँ (असिपत्रवन) से भी निकलकर तेजी से दौड़ता हुआ पर्वतशिखर पर चढ़ जाता है।

तत्थ वि पव्वयसिहरे णाणाविहसावया परमभीमा।
तिक्खणहकुडिलदाढा खादंति सरीरयं तस्स ॥34॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्रापि पर्वतशिखरे नानाविधश्वावकाः परमभीमाः।
तीक्ष्णनखकुटिलदाढाः खादन्ति शरीरं तस्य ॥34॥

वहाँ पर्वतशिखर पर भी अत्यन्त भयानक तथा पैने नाखून और दाढ़ वाले तरह-तरह के वन्यपशु (शावक) उसके शरीर को खा डालते हैं।

तेसिं भएण पुणो धावंतो उत्तरेइ भूमीए।
गच्छइ वेयरणीए तिण्हाए पीडिओ संतो ॥35॥

तेषां भयेन पुनः धावन् उत्तरति भूमौ।
गच्छति वैतरण्यां तृष्णया पीडितः सन् ॥35॥

उन वन्यपशुओं के भय से पुनः दौड़ता हुआ वह (पर्वतशिखर से) भूमि पर उतरता है और प्यास से व्याकुल होकर वैतरणी नदी में जाता है।

सुक्को विजिज्झकंठो तत्थ जलं गेण्हऊण पिबमाणो।
उण्हेण तेण डज्झइ हत्थम्मि मुहम्मि ओठम्मि ॥36॥

शुष्कः विध्यकण्ठः तत्र जलं गृहीत्वा पिबन्।
उष्णेन तेन दह्यते हस्तयोः मुखे ओष्ठे ॥36॥

सूखे तथा बिंधे (घायल या चटकते) हुए गले वाला वह ज्यों ही जल को ग्रहण करके पीने लगता है, त्योंही वैतरणी के उस गर्म जल से उसके हाथ, मुख और ओष्ठ जलने लगते हैं।

भुक्खाए संतत्तो अलहंतो किंचि अण्णमाहारं।
वेयरणीए कूले गिण्हित्वा मट्टियं खाइ ॥37॥

बुभुक्षया संतप्तः अलभमानः किञ्चिदन्नमाहारम्।
वैतरण्याः कूले गृहीत्वा मृत्तिकां खादति ॥37॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोई भी खाद्य आहार न मिलने पर वह (पापी) भूख से संतप्त होकर वैतरणी के तट पर बैठकर मिट्टी खाने लगता है।

ताए पुणो वि डज्झइ लोहंगारेहिं पज्जलंताए।
घोराए कडुपाइअपूइयमयसाणगंधाए ॥38॥

तया पुनरपि दह्यते लोहाङ्गारैः प्रज्वलन्त्या।
घोरया कटुकपूतिमयश्वगन्धया ॥38॥

जिससे सड़े (मवाद पड़े) हुए कुत्ते जैसी घोर दुर्गन्ध आ रही है तथा लपटें उठ रही हैं ऐसी वैतरणी की मिट्टी भी लाल-लाल अंगारों से उसे जलाने लगती है।

सो एवं अच्छंतो णइकूले पिच्छिऊण णारइया।
कडुयाइं जंपमाणा पुणरवि धावंति पाविट्ठा ॥39॥

तमेवं तिष्ठन्तं नदीकूले दृष्ट्वा नारकाः।
कटुकानि जल्पन्तः पुनरपि धावन्ति पापिष्ठाः ॥39॥

उसे वैतरणी नदी के किनारे इस प्रकार बैठा हुआ देखकर अत्यन्त पापी नरकवासी कटुवचन बोलते हुए पुनः उसके पीछे भागते हैं।

वेएण वहंताए पतत्ततेलव्व पज्जलंताए।
वेयरणीए मज्झे चप्पंति अणप्पवसिया हु ॥40॥

वेगेन वहन्त्याः प्रतप्ततैलवत् प्रज्वलन्त्याः।
वैतरण्या मध्ये प्रविशन्ति अनात्मवशिका हि ॥40॥

अपने वश में न होने अर्थात् विवश होने से वे वेग से बहती हुई तथा खौलते हुए तेल की भाँति जलती हुई वैतरणी के मध्य प्रवेश करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्थ वि पावइ दुक्खं डज्झंतो पज्जलंतसलिलेण ।
छोडीजंतसरीरो तिक्खाहिं सिलाहिं घोराहिं ॥41॥

तत्रापि प्राप्नोति दुःखं दहन् प्रज्वलितसलिलेन ।
स्पृष्टशरीरः तीक्ष्णाभिः शिलाभिः घोराभिः ॥41॥

वहाँ भी अत्यन्त तीक्ष्ण शिलाएँ उसके शरीर का स्पर्श करती हैं तथा खौलते हुए जल से जलता हुआ वह (पापी) दुःख प्राप्त करता है।

सो एवं बुडंतो कह वि किलेसेहि तत्थ णीसरए।
णीसरिओ वि हु संतो धरंति बंधंति णेरइया ॥42॥

स एवं ब्रुडन् कथमपि क्लेशैः ततो निःसरति ।
निःसृतमपि हि सन्तं धरन्ति बध्नन्ति नारकाः ॥42॥

इस प्रकार डूबता हुआ वह वहाँ से अर्थात् वैतरणी के जल से किसी तरह बाहर निकलता है। किन्तु उसे बचकर निकलता हुआ देखकर नरकवासी पुनः पकड़कर बाँध लेते हैं।

जस्स रडंतस्स पुणो उण्हाए णिक्खंति सिगदाए।
उद्धरिऊण सदेहं णासइ तं दुक्खमसहंतो ॥43॥

तं रुदन्तं पुनः उष्णायां निखनन्ति सिकतायाम् ।
उत्थाय स्वदेहं नाशयति तं दुःखमसहमानः ॥43॥

फिर रोते हुए उस (पापी) को वे नरकवासी गर्म रेत (बालू) में गाड़ देते हैं। जहाँ दुःख को सहन न कर पाता हुआ वह अपने शरीर को रेत में से निकालकर भागता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुणरवि धरंति भीमा णेरइया तस्स पावयम्मस्स।
मंसउभिंचियं करंति हु खुहंति तह खारयंकम्मि ॥44॥

पुनरपि धरन्ति भीमा नारकास्तं पापकर्माणम्।
मांसमुद्भेदं कुर्वन्ति हि स्पृशन्ति क्षारकर्दमेन ॥44॥

किन्तु भयानक नारकी उस पापी को पुनः दबोच लेते हैं। वे उसका मांस निकालते हैं और उस पर क्षारयुक्त कीचड़ लगाते हैं (इस प्रकार उसे क्षोभित करते हैं)।

णीसरिऊण वराओ णासंतो खारयंकमट्ठओ।
पुव्वुत्तकमेण पुणो धरंति ते तस्स णारइया ॥45॥

निःसृत्य वराकः नश्यन् क्षारकर्दमात्।
पूर्वोक्तक्रमेण पुनः धरन्ति ते तं नारकाः ॥45॥

खारे कीचड़ से निकलकर वह बेचारा वहाँ से किसी प्रकार बच निकलकर पुनः भागता है। लेकिन वे नारकी उसे फिर दबोच लेते हैं।

मरणभयभीरुयाणं जीवाणं जो हु जीवियं हरइ।
णरयम्मि पावयम्मो पावइ तह बहुविहं दुक्खं ॥46॥

मरणभयभीरूणां जीवानां यो हि जीवितं हरति।
नरके पापकर्मा प्राप्नोति तथा बहुविधं दुःखम्॥46॥

जो मृत्यु से भयभीत प्राणियों के प्राणों का हरण करता है वह पापपूर्ण कर्म करने वाला नरक में इसी प्रकार बहुविध दुःख प्राप्त करता है।

पीलंति जहा इक्खू जंते खुहिऊण तस्स अवसस्स।
कुव्वंति चुण्णचुण्णं सव्वसरीरं मुसंढीहिं ॥47॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पेलयन्ति यथा इक्षून् यन्त्रे निधाय तमवशम्।
कुर्वन्ति चूर्णचूर्णं सर्वशरीरं मुशलैः ॥47॥

वे नारकी उस परवश (पापी) को उठाकर ईख की तरह कोल्हू (यन्त्र) में पेरते हैं। उसके सम्पूर्ण शरीर को वे मूसलों से कूट-कूटकर चूर्ण-चूर्ण कर देते हैं।

चक्केहिं करकचेहिं य अंगं फाडंति रोवमाणस्स।
सिंचंति पापयम्मा पुणरवि खारेण सलिलेण ॥48॥

चक्रैः क्रकचैश्च अङ्गं विदारयन्ति रुदतः।
सिञ्चन्ति पापकर्माणः पुनरपि क्षारेण सलिलेन ॥48॥

वे नारकी चक्र अर्थात् एक तीक्ष्ण गोल अस्त्र और आरों से, रोते हुए उस पापी के शरीर को फाड़ डालते हैं और फिर क्षारयुक्त जल से वे उस पापी को नहलाते हैं।

चंपंति सव्वदेहं तिक्खसलाएहिं अग्गिवण्णाहिं।
णहसंधिपएसेसु य भिंदंति जलंति सूईहिं ॥49॥

छिन्दन्ति सर्वदेहं तीक्ष्णशलाकाभिः अग्निवर्णाभिः।
नखसन्धिप्रदेशेषु च भिन्दन्ति ज्वलन्तीभिः सूचीभिः ॥49॥

वे आग के समान लाल तीक्ष्ण शलाकाओं (कीलों) से उसके समस्त शरीर को छेद डालते हैं और नाखूनों के सन्धिस्थलों पर जलती हुई सुइयाँ चुभाते (घुसाते) हैं।

पाडित्ता भूमीए पाएहि मलंति पावयम्मस्स।
सिंघाडयाण उवरिं अंगे वेएण लोदंति ॥50॥

पातयित्वा भूमौ पादैः मलन्ति पापकर्माणम्।
सिंघाटकानामुपरि अङ्गे वेगेन दोलयन्ति ॥50॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उस पापकर्मा को भूमि पर गिराकर वे उसे पैरों से कुचलते हैं तथा उसके शरीर को सिंघाटक अर्थात् लोहे के यन्त्रविशेष के ऊपर रखकर तेजी से इधर-उधर रौंदते हैं।

अलियस्स फलेण पुणो गीवाए चंपिऊण पाएहिं।
तस्स य खणंति जीहा समूला हु णारइया ॥51॥

अलीकस्य फलेन पुनः ग्रीवां चम्पयित्वा पादैः।
तस्य च खनन्ति जिह्वां समूलां हि नारकाः ॥51॥

असत्यभाषण के फलस्वरूप फिर उसकी ग्रीवा को पैरों से दबाकर नरकवासी उसकी जीभ को समूल (जड़सहित) उखाड़ते हैं।

खंडंति दो वि हत्था तेणिक्कफलेण तिक्खवंसीए।
सूलम्मि छुहंति पुणो णारइया सुट्ठु तिक्खेहिं ॥52॥

खण्डयन्ति द्वावपि हस्तौ तेजितफलेन तीक्ष्णवंश्या।
शूलैः स्पर्शयन्ति पुनः नारकाः सुष्ठु तीक्ष्णैः ॥52॥

वे नरकवासी उसके दोनों हाथों को धातु के फलक के पैने सिरे से काट डालते हैं और फिर (उस पापी के शरीर में) जोर से पैना शूल (बर्छी या भाला) चुभाते हैं।

परदारस्स फलेण य आलिंगावंति लोहपडिमाओ।
ताओ डहंति अंगं तत्ताओ अग्गिवण्णाओ ॥53॥

परदाराणां फलेन च आलिङ्ग्यन्ति लोहप्रतिमाः।
ताः दहन्ति अङ्गं तप्ताः अग्निवर्णाः ॥53॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वे नारकी, उस पापी की परस्त्री के सेवन की अभिलाषा के फलस्वरूप, उसका आग से तपी हुई (अतः) लाल लौह-प्रतिमाओं से आलिंगन करवाते हैं, जो प्रतिमाएँ उसके शरीर को जला डालती हैं।

तत्ताइं भूषणाइं चित्ते परिहावंति अग्गिवण्णाइं ।
ताइ वि डहंति अंगं परमहिलाहिलासेण फलेण ॥54॥

तप्तानि भूषणानि चित्ते परिधारयन्ति अग्निवर्णानि ।
तान्यति दहन्ति अङ्गं परमहिलाभिलाषेण फलेन ॥54॥

परस्त्रियों की अभिलाषा के फल के रूप में , वे नारकी उस पापी के वक्ष पर तपे हुए (अतः) आग की तरह लाल आभूषण धारण कराते हैं । वे आभूषण भी उसके शरीर को जलाते हैं ।

तस्स चडावंति पुणो णारइया कूडसम्मलीयाओ ।
तत्थ वि पावइ दुक्खं फाडिज्जंतम्मि देहम्मि ॥55॥

तम् आरोहयन्ति पुनः नारकाः कूटशाल्मलीषु ।
तत्रापि प्राप्नोति दुःखं विदारिते देहे ॥55॥

पुनः वे नारकी उस पापी को तीक्ष्ण काँटों वाले कूटशाल्मली वृक्ष पर चढ़ाते हैं। वहाँ भी वह देह के विदीर्ण होने पर दुःख प्राप्त करता है।

जे परिमाणविरहिया परिग्गहा गेण्हिया भवे अण्णे ।
तेसिं फलेण गरुयं सिलिं चडावन्ति खंधम्मि ॥56॥

ये परिमाणविरहिताः परिग्रहा गृहीता भवे अन्यस्मिन् ।
तषां फलेन गुरुकां शिलां धरन्ति स्कन्धे ॥56॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उस पापी ने अन्य जन्म में जो असीम सम्पत्ति सञ्चित की थी, उसके फलस्वरूप वे उसके कन्धे पर एक भारी शिला रख देते हैं।

पायंति पज्जलंतं महुमज्जफलेण कलयं घोरं।
पंचुंबरफलभक्खणफलेन खावंति अंगारं ॥57॥

पाययन्ति प्रज्वलन्तं मधुमद्यफलेन लोहरसं घोरं।
पञ्चोदुम्बरफलभक्षणफलेन खादयन्ति अङ्गाराणि ॥57॥

मधु-मद्य पीने के फलस्वरूप उस पापी को वे जलता हुआ प्रचण्ड लौहद्रव (पिघला हुआ लोहा) पिलाते हैं तथा पाँच उदुम्बरफलों के भक्षण के फल के रूप में अंगारे खिलाते हैं।

मांसाहारफलेण य सव्वंगं सुद्धउव्व पीलंति।
वल्लूरम्मि पित्तया वा कप्पंति अणप्पवसियस्स ॥58॥

मांसाहारफलेन च सर्वाङ्गं सम्यक्रूपेण पीडयन्ति।
वालुकायाम् तप्तायां वा क्रमयन्ति अनात्मवशस्य ॥58॥

मांसाहार के फल के रूप में वे पापी के सभी अंगों को पीडित करते हैं। अथवा तपी हुई बालू पर उस पराधीन को चलाते हैं।

कुंभीपागेसु पुणो देहं पच्चंति पावयम्मस्स।
पीसंति पुणो पावा जं खंधं को वि भोगच्छी ॥59॥

कुम्भीपाकेषु पुनः देहं पाचयन्ति पापकर्मणः।
पेषयन्ति पुनः पापा यत्स्कन्धं कोऽपि भोगस्त्रीम् ॥59॥

जो कोई पापात्मा वेश्यागमन करता है उसके शरीर को वे कुम्भीपाक (एक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष प्रकार की यातना जिसमें पापीजन कुम्हार के बर्तनों की भाँति पकाये जाते हैं) में पकाते हैं और फिर उसके शरीर को पीसते हैं।

भूमीसमं देहं अल्लय चम्मं च तस्स खिलित्ता।
धावंति दुट्ठहियया तिक्खतिसूलेहिं णेरइया ॥60॥

भूमिसमं देहं आकल्प्य चर्म च तस्य खनित्वा।
धावन्ति दुष्टहृदयास्तीक्ष्णत्रिशूलैः नारकाः ॥60॥

दुष्टहृदय नरकवासी उस पापी के शरीर को भूमि के रूप में कल्पित करके उसकी चमड़ी को तीक्ष्ण त्रिशूलों से खोदते (जोतते) हुए दौड़ते हैं।

खायंति साणसीहावयवग्घा अयमणिह्र दंतेहिं।
अट्ठावया सियाला मज्जारा किण्हसप्पा य ॥61॥

खादन्ति श्वसिंहवृकव्याघ्रा अयमितैः दन्तैः।
अष्टापदाः शृगाला मार्जाराः कृष्णसर्पाश्च ॥61॥

उस पापी के शरीर को कुत्ता, सिंह, भेड़िया, बाघ, अष्टपद (शरभ), सियार, बिलाव तथा काले साँप दाँतों से मनमानी करते हुए खाते हैं।

वायस्सगिद्धकंका पिपीलिया मक्कुणा तहा डंसा।
मसगा य महुयरीओ जलुआओ तिक्खतुंडाओ ॥62॥

वायसगृध्रकंकाः पिपीलिका मत्कुणास्तथा दंशाः।
मशकाश्च मधुकर्यः जलूकास्तीक्ष्णतुण्डाः ॥62॥

कौआ, गिद्ध, बगुला (कंक), चींटी, खटमल, डाँस, मच्छर, मधुमक्खी तथा नुकीली थूँथनी (मुँह) वाली जोंक भी (उस पापी के शरीर को मनमानी करते हुए खाते हैं)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दंडंति एक्कपव्वं बहुदंडया हि णारइया।
पुव्वकयपावयम्मा भासंता कडुयवयणाओ ॥63॥
दण्डयन्ति एकपर्व बहुदण्डका हि नारकाः।
पूर्वकृतपापकर्माणो भाषमाणाः कटुकवचनानि ॥63॥

अनेक दण्ड धारण करने वाले नारकी कटु वचन बोलते हुए पूर्वभव में पापकर्म करने वाले प्राणी के एक ही भाग को निरन्तर दण्डित करते हैं ।

णारइयाणं वेरं छेत्तसहावेण होइ पावाणं।
मज्जारमूसयाणं जह वेरं उल्लसप्पाणं ॥64॥

नारकाणां वैरं क्षेत्रस्व[illegible]ति पापानाम्।
मार्जारिमूषकानां यथा वैर नकुलसर्पाणाम् ॥64॥

पापी नारकों में क्षेत्रस्वभाव के कारण स्वाभाविक वैर होता है जैसे कि चूहे-बिल्ली में तथा नेवले और सर्प में स्वाभाविक वैर होता है।

सव्वे वि य णेरइया णपुंसया होंति हुंडसंठाणा।
सव्वे वि भीमरूवा दुल्लेसा दव्वभावेण ॥65॥

सर्वेऽपि च नारका नपुंसका भवन्ति हुण्डकसंस्थानाः।
सर्वेऽपि भीमरूपा दुर्लेश्या द्रव्यभावेन ॥65॥

सभी नारक हुण्डकसंस्थान वाले एवं नपुंसक होते हैं। वे सभी भयंकर रूप वाले तथा द्रव्यभाव से दुर्लेश्य (दुर्लभ या कठिनाई से चोट पहुँचाने योग्य) होते हैं।

णिरए सहाव दुक्खं होइ सहावेण सीयउण्हं य।
तह हुंति दुस्सहाओ घोराओ भुक्खतण्हाओ ॥66॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नरके स्वभावेन दुःखं भवति स्वभावेन शीतोष्णे च।
तथा भवतः दुःसहे घोरे क्षुत्तृष्णे ॥66॥

नरक में स्वभावतः ही दुःख होता है तथा स्वभावतः ही सर्दी-गर्मी होती है। उसी प्रकार वहाँ स्वभावतः दुःसह घोर भूख-प्यास होती है।

जइ वि खिविज्जे कोई णरए गिरिरायमेत्तलोहुंडं।
धरणियलमपावेंतो उण्हेण विलिज्जए सव्वो ॥67॥

यद्यपि क्षिपेत्कश्चित्नरकेगिरिराजमात्रलोहस्वण्ड्म्।
धरणीतलमप्राप्नुवन् उष्णेन विलीयते[1] सर्वः ॥67॥

यदि कोई उष्ण नरक भूमि पर पर्वतराज के बराबर लोहे का टुकड़ा फैंके तो वह लौहखण्ड भूमि पर पहुँचने से पहले ही (पिंघलकर) विलीन हो जाता है।

(यहाँ नरकवास की तीव्रतम उष्णता का चित्रण है।)

तित्तियमेत्तो लोहो पज्जलिओ सीयणरयमज्झम्मि।
जइ पिक्खिविज्जे कोई सडिज्ज भूमिमपावंतो ॥68॥

तावन्मात्रं लोहं प्रज्वलितं[2] शीतनरकमध्ये।
यदि प्रक्षिपेत् कश्चित् घनीभवति भूमिमप्राप्नुवन् ॥68॥

उतना ही (पर्वतराज के बराबर) प्रज्वलित अर्थात् पिघला हुआ लोहे का टुकड़ा यदि कोई शीतनरक के मध्य फैंके तो वह भूमि पर पहुँचने से पहले ही ठोस रूप धारण कर लेता है।

(यहाँ नरकवास की तीव्रतम शीतवेदना का चित्रण है।)

---

1. द्रवीभवति
2. द्रवीभूतः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णेरयाणं तण्हा तारसिया होइ पावयम्माणं।
जा सव्वसमुद्देहिं या पीएहिं ण उवसमं जाइ ॥69॥

नारकाणां तृष्णा तादृशी भवति पापकर्मणाम्।
या सर्वसमुद्रेषु च पीतेषु न उपशमं याति ॥69॥

पापकर्म करने वाले नरकवासियों को ऐसी प्यास लगती है कि वह समस्त समुद्रों का जल पी लेने पर भी शान्त नहीं हो सकती।

तारिसिया होइ छुहा णरयम्मि अणोवमा परमघोरा।
जा तिहूयणे वि सयले खद्धम्मि ण उवसमं जाइ ॥70॥

तादृशी भवति क्षुत् नरके अनुपमा परमघोरा।
या त्रिभुवनेऽपि सकले खादिते न उपशमं याति ॥70॥

नरक में ऐसी अनुपम तथा अत्यन्त तीव्र भूख लगती है जो कि तीनों लोकों को पूरी तरह खा लेने पर भी शान्त नहीं हो सकती।

चुण्णीकओ वि देहो तक्खणमेत्तेण होइ संपुण्णो।
तेसिं अउण्णयाले मिच्चू ण होइ पावाणं ॥71॥

चूर्णीकृतोऽपि देहस्तत्क्षणमात्रेण भवति सम्पूर्णः।
तेषामपूर्णकाले मृत्युर्नभवति पापानाम् ॥71॥

नरक में चूर-चूर कर देने पर भी शरीर तत्क्षण सम्पूर्ण हो जाता है तथा (नरक की) अवधि पूर्ण होने से पहले उन पापियों की मृत्यु नहीं होती है।

उप्पण्णसमयपहुदी आमरणंतं सहंति दुक्खाइं।
अच्छिणिमीलयमेत्तं सोक्खं ण लहंति णेरइया ॥72॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्पन्नसमयप्रभृत्यामरणान्तं सहन्ते दुःखानि।
अक्षिनिमीलनमात्रं सौख्यं न लभन्ते नारकाः ॥72॥

नरकवासी उत्पत्तिकाल से लेकर मृत्यु-पर्यन्त दुःखों को सहते हैं तथा उन्हें पलक झपकने भर (क्षणमात्र) के लिये भी सुख प्राप्त नहीं होता।

एवं णरयगईए बहुप्पयाराइं होंति दुक्खाइं।
बहुकालेण वि ताइं ण य सक्किजंति वण्णेउं ॥73॥

एवं नरकगतौ बहुप्रकाराणि भवन्ति दुःखानि।
बहुकालेनापि तानि न च शक्नुवन्ति वर्णयितुम्॥73॥

इस प्रकार नरकगति में बहुत प्रकार के दुःख होते हैं। दीर्घकाल में (लम्बे समय तक वर्णन करते रहने पर) भी उनका वर्णन नहीं किया जा सकता।

इदी णरयगइ सम्मत्ता।
इति नरकगतिः समाप्ता।

इस प्रकार नरकगति का वर्णन समाप्त हुआ।



उव्वरिऊण य जीवो णरयगईदो फलेण पावस्स।
पुणरवि तिरियगईए पावेइ अणेयदुक्खाइं ॥74॥

उद्वर्त्य च जीवो नरकगतितः फलेन पापस्य।
पुनरपि तिर्यग्गत्यां प्राप्नोति अनेकदुःखानि॥74॥

जीव पाप के फलस्वरूप नरक गति से उबरकर तिर्यक्गति (पशु-पक्षी-योनि) में पुनः अनेक दुःख प्राप्त करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व (वा) हिज्जइ गुरुभारं णेच्छंतो पिट्ठिऊण लोएहिं।
पुव्वकयपावयम्मो छोडिज्जंतीए पुट्ठीए ॥75॥

वाह्यते गुरुभारं नेच्छन् ताडयित्वा लोकैः।
पूर्वकृतपापकर्मा छिन्द्यन्त्या पृष्ठ्या ॥75॥

पूर्व में पापकर्म करने वाला जीव (तिर्यक्गति में) न चाहता हुआ भी, लोगों के द्वारा पीटा जाता हुआ छिली हुई (घायल) पीठ पर अत्यधिक भार ढोता है।

ताडणतासणदुक्खं बंधण तह णासविंधणं दमणं।
कण्णछेदणदुक्खं लंछण णिल्लंछणं चेय ॥76॥

ताडनत्रासनदुःखं बन्धनं तथा नासावेधनं दमनम्।
कर्णच्छेदनदुःखं लाञ्छनं निलाञ्छनं चैव ॥76॥

वह पापी तिर्यक्गति में पीटा जाना, डराया जाना, बन्धन, नासिका में छिद्र किया जाना, दमन, कान में छिद्र किया जाना, दागकर चिह्न बनाया जाना तथा उस चिह्न को मिटाया जाना आदि दुःखों को सहता है।

सीउण्हं जलवरिसं चउमहिमारुवं छुहा तण्हा।
णाणाविहवाहीओ सहइ तहा दंसमसया य ॥77॥

शीतोष्णे जलवर्षां चरमहिमपातं क्षुधां तृष्णां।
नानाविधव्याधीश्च सहते तथा दंशमशकांश्च ॥77॥

वह तिर्यक्गति में सर्दी-गर्मी, जलवर्षा, अत्यधिक हिमपात, भूख, प्यास, विविध प्रकार के रोगों, डाँस तथा मच्छरों (से उत्पन्न कष्ट) को सहता है।

एइंदिएसु पंचसु अणेयजोणीसु वीरियविहूणो।
भुंजंतो पावफलं चिरकालं हिंडए जीवो ॥78॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एकेन्द्रियेषु पञ्चसु अनेकयोनिषु वीर्यविहीनः।
भुञ्जानः पापफलं चिरकालं हिण्डते जीवः ॥78॥

वह जीव शक्तिहीन होकर एकेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय इत्यादि अनेक योनियों में पाप का फल भोगता हुआ दीर्घकाल तक भटकता रहता है।

खणणुत्तावणवालणवीहणविच्छेयणाइं दुक्खाइं।
पुव्वकयपावयम्मो सहइ वराओ अणप्पवसो ॥79॥

खननोत्तापनज्वालनविहनविच्छेदनादिदुःखानि।
पूर्वकृतपापकर्मा सहते वराकः अनात्मवशः ॥79॥

पूर्व में पापकर्म करने वाला बेचारा जीव (तिर्यक्गति में) परवश होकर खोदा या गाड़ा जाना, तपाया जाना, जलाया जाना, जोर से आघात किया जाना, काटा जाना आदि दुःखों को सहता है।

एवं तिरियगइ सम्मत्ता ।
एवं तिर्यग्गतिः समाप्ता ।

इस प्रकार तिर्यक्गति का वर्णन समाप्त हुआ।

———o———

बहुवेयणाउलाए तिरियगईए भमित्तु चिरकालं।
माणुसहवे वि पावइ पावस्स फलाइं दुक्खाइं ॥80॥

बहुवेदनाकुलायां तिर्यग्गतौ भ्रमित्वा चिरकालम्।
मानुषभवेऽपि प्राप्नोति पापस्य फलानि दुःखानि ॥80॥

अनेक वेदनाओं से युक्त तिर्यक्गति में लम्बे समय तक भटककर जीव मनुष्यभव में भी पाप के फल के रूप में दुःखों को प्राप्त करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पारसियभिल्लबब्बरचंडालकुलेसु पावयम्मेसु ।
उपज्जिऊण जीवो भुंजइ णिरओवमं दुक्खं ॥81॥

पारसीकभिल्लबर्बरचण्डालकुलेषु पापकर्मसु ।
उत्पद्य जीवो भुङ्क्ते नरकोपमं दुःखम् ॥81॥

मनुष्यभव में भी जीव पापकर्म करने वाले पारसी, भील, बर्बर, चण्डाल आदि कुलों में जन्म लेकर नरक के समान ही दुःखों को भोगता है।

जइ पावइ उच्चत्तं चिरकालं पाविऊण णीयत्तं ।
ठिविं गब्भयहुदियं पावेइ अणेय दुक्खाइं ॥82॥

यदि प्राप्नोति उच्चत्वं चिरकालं प्राप्य नीचत्वं ।
तत्रापि गर्भभवानि प्राप्नोति अनेकदुःखानि ॥82॥

यदि वह चिरकाल तक निम्नकुलों में जन्म लेकर अन्त में उच्चता (उच्चकुल) को प्राप्त करता है तो वहाँ भी उसे गर्भ में होने वाले अनेक दुःख तो प्राप्त होते ही हैं।

जम्मंधमूयबहिरो उप्पजइ सो फलेण पावस्स ।
उप्पण्णदिवसपहुई पीडिज्जइ घोरवाहीहिं ॥83॥

जन्मान्धमूकवधिर उत्पद्यते स फलेन पापस्य ।
उत्पन्नदिवसप्रभृतितः पीड्यते घोरव्याधिभिः ॥83॥

वह (पूर्वकृत) पाप के फलस्वरूप जन्म से ही अन्धा, गूँगा तथा बहरा उत्पन्न होता है तथा जन्मदिवस से लेकर घोर व्याधियों से पीड़ित रहता है।

णवजोवणं पि पत्तो इच्छियसुक्खं ण पावए किंपि ।
गच्छइ जोवणकालो सव्वो वि णिरच्छओ तस्स ॥84॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नवयौवनमपि प्राप्तः इच्छितसुखं[1] न प्राप्नोति किमपि।
गच्छति यौवनकालः सर्वोऽपि निरर्थकस्तस्य ॥84॥

नवयौवन को पाकर भी वह कोई भी अभीष्ट सुख (या स्त्रीसुख) प्राप्त नहीं कर पाता है तथा उसकी सम्पूर्ण युवावस्था निरर्थक ही व्यतीत हो जाती है।

धणुबंधविप्पहीनो भिक्खं भमिऊण भुंजए णिच्चं ।
पुव्वकयपावयम्मो सुयणो वि ण यच्छए सोक्खं ॥85॥

धनबान्धवविप्रहीनो भिक्षां भ्रमित्वा भुङ्क्ते नित्यम् ।
पूर्वकृतपापकर्मा सुजनोऽपि न ऋच्छति सौख्यम् ॥85॥

वह धन तथा बन्धु-बान्धवों से रहित होकर सर्वदा भिक्षाटन करके भोजन करता है। इस प्रकार पूर्व में पाप करने वाला जीव सज्जन होकर भी सुख नहीं पाता है।

पसुमणुविगईए एवं हिंसालियचोरियाइदोसेहिं ।
बहुदुक्खेहिं वराओ चिरकालं पावए जीवो ॥86॥

पशुमनुष्यगतौ एवं हिंसालीकचौर्यादिदोषैः।
बहुदुःखानि वराकः चिरकालं प्राप्नोति जीवः ॥86॥

इस प्रकार पशु तथा मनुष्य गति में बेचारा जीव हिंसा, असत्य, चोरी आदि दोषों के कारण दीर्घकाल तक अनेक दुःखों को प्राप्त करता है।

एवं कुमानुसगई सम्मत्ता ।
एवं कुमानुषगतिः समाप्ता ।

इस प्रकार कुमनुष्यगति का वर्णन समाप्त हुआ।

———o———

1. स्त्रीसुखं वा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्व (ण्हु) वयणवज्जिय बालतवं कुणइ णरो मूढो ।
सो णर पावेइ उवरि लोए हीणदेवत्तं ॥87॥

सर्वज्ञवचनं वर्जयित्वा बालतपं करोति नरो मूढः ।
स नरः प्राप्नोति ऊर्ध्वलोके हीनदेवत्वम् ॥87॥

जो मूढ मनुष्य सर्वज्ञ के वचनों को त्यागकर बालतप (अबोधपूर्वक तप) करता है। वह बालतप के फलस्वरूप उर्ध्वलोक (देवगति) में हीनदेवत्व को प्राप्त करता है।

दट्ठूण अण्णदेवे महिड्ढिए दिव्ववण्णमारोगं ।
होऊण माणभंगो चित्ते उप्पज्जए दुक्खं ॥88॥

दृष्ट्वा अन्यदेवेषु महर्धिकेषु दिव्यवर्णमारोग्यम् ।
भूत्वा मानभङ्गः चित्ते उत्पद्यते दुःखम् ॥88॥

(देवगति में) अन्त्यन्त समृद्धिशाली देवों के दिव्यवर्ण तथा आरोग्य को देखकर उसका घमण्ड चूर-चूर हो जाता है तथा उसके हृदय में दुःख उत्पन्न होता है।

तिलोयसव्वसरणं धम्मो सव्वण्हुभाविओ विमलो ।
तइयामएण गहिओ तेण महंतारिओ एहिं ॥89॥

त्रिलोकसर्वशरणं धर्मः सर्वज्ञभावितो विमलः ।
तस्यागमेन गृहीतस्तेन महत्तारकः एवम् ॥89॥

तब उसके हृदय में तीनों लोकों के शरणस्थानरूप, सर्वज्ञ के द्वारा उपदिष्ट निर्मल धर्म का आगमन होता है और वह उस महान् उद्धारक धर्म को ग्रहण करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छम्मासाउगसेसे विलाइ माला विणस्सए छाए ।
कंपंति कप्परुक्खा होइ विरागो य भोयाणं ॥90॥

षण्मासायुष्कशेषे विलीयते माया विनश्यति छाया ।
कम्पन्ते कल्पवृक्षा भवति विरागश्च भोगेभ्यः ॥90॥

मात्र छः मास की आयु शेष रह जाने पर माया विलीन हो जाती है, छाया (असत्य कल्पना) नष्ट हो जाती है, कल्पवृक्ष काँपने लगते हैं और तब उस जीव को भोगों से वैराग्य हो जाता है।

बहुणट्टगीयसाला णाणाविहकप्पतरुवराइण्णे ।
भो सुरलोयपहाणा णक्खयपडंतयं विसमं ॥91॥

बहुनृत्यगीतशाला नानाविधकल्पतरुवराकीर्णाः ।
भोः सुरलोकप्रधानाः नक्षत्रे पतन्ति विषमे ॥91॥

विविध प्रकार के कल्पतरु आदि देववृक्षों से घिरी हुई अनेक नृत्य-गीत-शालाएँ तथा देवलोक के प्रधान—सभी विषम दशा में पड़ जाते हैं।

वसियव्वं कुच्छीए कुणिमाए किमिकुलेहिं भरियाए ।
पीयव्वं कुणिमपयं जणणीए मे अहम्मेण ॥92॥

वस्तव्यं कुक्ष्यां कुणपायां कृमिकुलैः भृतायाम् ।
